दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 22 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों – झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगडिया में आज नाम वापसी का अंतिम दिन।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। सुलभ इंटरनेशनल के प्रणेता बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से किया जायेगा सम्मानित।

03. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कहा – चार वर्षीय स्नातक डिग्री धारक अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा– नेट में शामिल हो सकेंगे।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में। मौसम विभाग ने आज बांका, शेखपुरा और भागलपुर जिले में लू की आशंका को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। इस चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों – झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगडिया में सात मई को मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन संसदीय क्षेत्रों के लिए चौवन प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गये हैं। कुल छियानवे उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चे दाखिल किये थे, जिनमें से बयालीस खारिज कर दिये गये। अररिया लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक बीस नामांकन पत्र रद्द किये गये हैं। इस क्षेत्र में उनतीस उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे। झंझारपुर में सत्रह नामांकन पत्र दाखिल किये गये थे, जिनमें से दस वैध घोषित किये गये हैं। वहीं, सुपौल लोकसभा क्षेत्र में पंद्रह, अररिया में नौ, मधेपुरा में आठ और खगडिया में बारह नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में दूसरे और तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बांका, भागलपुर और किशनगंज में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक

जीतन राम मांझी और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान संयुक्त रूप से पूर्णियां, कटिहार और भागलपुर लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। दूसरी तरफ, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज बांका, पूर्णियां और कटिहार में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। उनके साथ विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद रहेंगे। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा कल बिहार दौरे पर रहेंगे। वे भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

———————————————————————————

सीपीआईएम ने बिहार के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी, पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात, सुभाषिनी अली और अशोक धावले समेत चालीस नेता शामिल हैं।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों की श्रृंखला में, आज जानकारी सुपौल लोकसभा सीट की। सुपौल बिहार के पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है जहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

कोसी नदी के मध्य स्थित सुपौल संसदीय क्षेत्र की राजनीति और चुनावी समीकरण भी कोसी के स्वभाव से मेल खाता है। एक निश्चित समय के बाद कोसी की धारा की तरह संसदीय क्षेत्र भी नया रुख अख्तियार करता है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों की बात करें तो मतदाताओं ने हर बार नए चेहरे को मौका दिया। इस बार जद यू ने निवर्तमान सांसद दिलेश्वर कामैत पर भरोसा जताते हुए उन्हें एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है। उनके मुकाबले हैं राजद के चंद्रहास चौपाल। पिछली बार जद यू  उम्मीदवार का मुकाबला कांग्रेस की रंजीत रंजन से था। सुपौल लोक सभा क्षेत्र के अस्तित्व में आने के बाद यह पहला मौका है जब इस सीट पर कांग्रेस की जगह राजद का कोई उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। श्री चौपाल पिछले विधान सभा चुनाव में पहली बार सिंघेश्वर विधानसभा क्षेत्र से राजद के टिकट पर विधायक चुने गए थे।भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी बैद्यनाथ मेहता भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। भौगालिक दृष्टिकोण से देखें तो सुपौल लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें सुपौल जिले के अंतर्गत आने वाले चार विधानसभा क्षेत्रों निर्मली, पिपरा, सुपौल और त्रिवेणीगंज पर जद यू जबकि छातापुर विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा का कब्जा है। मधेपुरा जिले के अंतर्गत आने वाला सिंघेश्वर विधानसभा क्षेत्र राजद के कब्जे में है। पिछले विधानसभा चुनाव में सिर्फ इसी सीट पर महागठबंधन को जीत मिली थी।  राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इस बार मुख्य मुकाबला एनडीए से जदयू उम्मीदवार दिलेश्वर कामैत और इंडी गठबंधन से राजद उम्मीदवार चंद्रहास चौपाल के बीच है। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार बैद्यनाथ मेहता भी मुकाबला को दिलचस्प बना रहे हैं। जदयू उम्मीदवार जहां केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं, वहीं राजद उम्मीदवार महंगाई, बेरोजगारी, कोसी के बाढ़ के स्थाई समाधान समेत अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर घेराबंदी करने में लगे हैं। रोचक मुकाबले में यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि पुराने इतिहास की तरह क्षेत्र के मतदाता किसी नए चेहरे पर विश्वास जताते हैं या फिर पुराने चेहरे पर ही भरोसा कायम रखते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से मैं रविशंकर चौधरी।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। सुलभ इंटरनेशनल के प्रणेता बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया जायेगा। वहीं, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ सीपी ठाकुर को पद्म भूषण पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा राज्य की पांच अन्य विभूतियों को पद्म श्री से सम्मानित किया जायेगा। इनमें वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र किशोर, गोदना पेटिंग के लिए शांति देवी पासवान और शिवन पासवान तथा टिकुली कला के लिए अशोक कुमार विश्वास को पद्मश्री दिया जाएगा। दरभंगा घराने के ध्रुपद शैली के गायक पंडित राम मल्लिक को कला क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया जायेगा।

———————————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग– यूजीसी ने घोषणा की है कि चार वर्षीय स्नातक डिग्री धारक अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा– नेट में शामिल हो सकेंगे। ऐसे अभ्यर्थी किसी भी विषय में पीएचडी भी कर सकते हैं, भले ही उन्होंने स्नातक डिग्री अन्य विषय से प्राप्त की हो। जूनियर रिसर्च फेलोशिप के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में पचहत्तर प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम पचपन प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। आकाशवाणी से बातचीत में शिक्षाविद् डॉ. संत कुमार चौधरी ने कहा कि इससे छात्रों के समय की बचत होगी।

———बाईट———

———————————————————————————

बीपीएससी शिक्षक बहाली के तीसरे चरण की परीक्षा के पेपर लीक मामले में मध्य प्रदेश के उज्जैन से गिरफ्तार सभी पांच आरोपियों को पटना लाया गया है। आर्थिक अपराध इकाई की टीम आज सभी को पटना स्थित विशेष अदालत में पेश करेगी।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान

बेगूसराय राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहाँ का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, शेखपुरा का तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिक एस.के पटेल ने बताया कि अगले चौबीस घंटो के दौरान बांका, शेखपुरा और भागलपुर जिले में लू की आशंका को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मधुबनी, सुपौल, दरभंगा और पूर्वी चंपारण जिले में भी लू का प्रभाव रहेगा। इसे लेकर येलो अर्लट जारी किया गया है।

———बाईट———

इधर, आज राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में गर्म दिवस रहने की संभावना है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटे के दौरान कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————————————

राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी ने सभी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिवों को हलफनामा दायर कर यह बताने को कहा है कि बड़ी संख्या में स्वीकृत पद खाली क्यों हैं। अधिकरण राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और समितियों के बुनियादी ढांचे, संसाधनों और क्षमता से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रहा था। एनजीटी ने कहा कि इतनी बड़ी रिक्ति अधिनियमों के ठीक से कार्यान्वयन नहीं होने का प्रमुख कारण है। गौरतलब है कि देशभर में सदस्य सचिवों के लगभग पचास प्रतिशत पद खाली हैं। सबसे अधिक पद बिहार, झारखंड और दमन–दीव में रिक्त हैं।

———————————————————————————————

बिहार स्टेट बार कॉउंसिल ने अधिवक्ताओं को पेंशन और बीमा योजना का लाभ देने के लिए वर्ष उन्नीस सौ इक्यानवे के मॉडल रूल में संशोधन किया है। कॉउंसिल के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने बताया कि राज्य के एक सौ छब्बीस वकील संघों के साथ हुयी बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला किया गया।

———————————————————————————————

अग्निवीर बहाली के लिए आज से लिखित परीक्षा शुरू हो गयी है। परीक्षा के लिए मुजफ्फरपुर में चार, दरभंगा में दो और समस्तीपुर में एक ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। यह परीक्षा उनतीस अप्रैल तक होगी।

———————————————————————————

सीवान जिले के जीवी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत खम्हौरी गांव में बारात में पटाखा चलाने के दौरान एक युवक की झुलसने से मौत हो गयी।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के देवरिया थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर मालिकाना टोला गांव में एक घर में आग लग जाने से एक बच्चे की झुलस कर मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के पिपरासी और नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत मदरसा गांव में आग लग जाने से साठ से सत्तर घर जलकर नष्ट हो गये।

———————————————————————————

सीवान जिले के बैरवा नगर के मिसकड़ही मोड़ के पास एक फिटनेस केन्द्र में आग लग जाने से लाखों रूपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है– बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहता है इंडी गठबंधन।

**दैनिक जागरण** लिखता है– रांची में उलगुलान न्याय रैली में एकजुट हुए आईएनडीआईए नेताओं ने भरी हुंकार, देश को तानाशाही से करायेंगे मुक्त।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– कांग्रेस ने बिहार में पटना साहिब, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और महाराजगंज से प्रत्याशियों के नाम तय किये।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– चार वर्षीय स्नातक में पचहत्तर प्रतिशत अंक तो सीधे पीएचडी।

**आज** अखबार ने स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से लिखा है– अवैध अंग प्रत्यारोपण हो तो रद्द करें अस्पताल का लाईसेंस। **राष्ट्रीय सहारा** समेत सभी समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों – झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगडिया में आज नाम वापसी का अंतिम दिन।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। सुलभ इंटरनेशनल के प्रणेता बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से किया जायेगा सम्मानित।

03. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कहा – चार वर्षीय स्नातक डिग्री धारक अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा– नेट में शामिल हो सकेंगे।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में। मौसम विभाग ने आज बांका, शेखपुरा और भागलपुर जिले में लू की आशंका को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।